**INTERMEDIATE EXAMINATION – 2020 (ANNUAL) 101/201**

**HINDI (Model Set)**

**(हिन्दी)**

**<u>I.Sc. & I.Com – NRB - MB NON. HINDI</u>**

**समय :– 01 घंटा 37.5 मिनट** **Full Marks : 50**

पूर्णांक : 50

***<u>परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–</u>***

***<u>Instructions for the candidates :-</u>***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 7.5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है) इन 30 प्रश्नों में से किन्हीं 25 प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा 25 से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाने की स्थिति में कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 25 प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। 1X25=25

1. 'नूतन' शब्द का विलोम होता है –

(A) पुरातन (B) नवीन

(C) नया (D) अर्वाचीन

2. 'एकैक' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) एका + एक (B) एक + एक

(C) एकै + एक (D) ए + कैक

3. 'गोरा' शीर्षक रेखाचित्र के लेखक का नाम है –

(A) प्रेमचंद (B) महादेवी वर्मा

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) हरिशंकर परसाई

4. 'सद्वाणी' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) सद् + वाणी (B) सदवा + णी

(C) सत् + वाणी (D) स + दवाणी

5. संज्ञा के कितने भेद हैं ?

(A) चार (B) छः

(C) पाँच (D) दो

6. 'दया' शब्द का लिंग–निर्णय करें –

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

7. 'प्रेमचन्द' का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1880 ई0 में (B) 1890 ई0 में

(C) 1902 ई0 में (D) 1960 ई0 में

8. 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' मुहावरे का अर्थ होता है –

(A) नाचना नहीं आना (B) काम न जानना और बहाना बनाना

(C) टेढ़ा आँगन (D) नाचना–गाना

9. 'पीताम्बर' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु

(C) द्वन्द्व (D) बहुब्रीहि

10. 'पंच की जुबान से' कौन बोलता है ?

(A) मुखिया (B) अधिवक्ता

(C) सरपंच (D) खुदा

11. 'लालच' शब्द का लिंग–निर्णय करें –

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभय लिंग (D) इनमें से कोई नहीं

12. अपनी पाठ्य पुस्तक के आधार पर बतलाइये कि विश्व में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला कौन देश है ?

(A) भारत (B) इंग्लैण्ड

(C) चीन (D) जापान

13. हिन्दी में 'वचन' के कितने प्रकार हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

14. इनमें से 'रामनरेश त्रिपाठी' की रचना कौन है ?

(A) हिमालय का संदेश (B) जीवन संदेश

(C) जीवन का झरना (D) सुन्दर का ध्यान कहीं सुन्दर

15. गोपाल सिंह 'नेपाली' का जन्म कब हुआ था?

(A) 1903 ई० में (B) 1906 ई० में

(C) 1911 ई० में (D) 1899 ई० में

16. 'करण' कारक का विभक्ति चिह्न है –

(A) को (B) के

(C) में (D) से

17. 'कविता कौमुदी' के कवि हैं –

(A) रहीम (B) तुलसी

(C) रामनरेश त्रिपाठी (D) रामधारी सिंह दिनकर

18. 'नेता' शब्द का स्त्रीलिंग है –

(A) नेत्री (B) हीरोइन

(C) नेतृ (D) नेतवाईन

19. 'मंगर' शीर्षक पाठ किसकी रचना है ?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) रामधारी सिंह दिनकर

(C) प्रेमचंद (D) महादेवी वर्मा

20. 'दया' शब्द का विशेषण होता है –

(A) कठोर (B) दयालु

(C) धन्वान (D) निर्धन

21. 'जो अपनी भलाई चाहता हैं–का एक शब्द है –

(A) परमार्थी (B) स्वार्थी

(C) अपनार्थी (D) द्विअर्थी

22. 'बंग देश की बुलबुल' की उपाधि रवीन्द्रनाथ ठाकुर को किसने दी थी ?

(A) दादा ने (B) चाचा ने

(C) पिता ने (D) मामा ने

23. 'मंगल' शब्द का विशेषण होता है –

(A) मंगलम् (B) मांगलिक

(C) मंगलजन्य (D) अमंगल

24. 'पाँचवा कॉलम' पुस्तक किस लेखक की रचना है ?

(A) हरिशंकर परसाई (B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) प्रेमचंद

25. 'दाल–रोटी' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) कर्मधारय

26. 'जिसकी उपमा न हो, का एक शब्द होगा –

(A) अनुपम (B) उत्तम

(C) उत्कृष्ट (D) सर्वोत्तम

27. हरिशंकर परसाई किस रूप में प्रसिद्ध थे –

(A) प्रसिद्ध इतिहासकार (B) प्रसिद्ध हास्य कलाकार

(C) प्रसिद्ध व्यंग्यकार (D) प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ

28. रामधारी सिंह दिनकर किस राज्य के रहने वाले थे ?

(A) बिहार (B) बंगाल

(C) उड़ीसा (D) मध्य प्रदेश

29. 'आश्रम' शब्द का पर्यायवाची होगा –

(A) नलिन (B) मठ

(C) सैंधव (D) वासव

30. 'गिरींद्र' शब्द का संधि विच्छेद होगा –

(A) गीरी + इंद्र (B) गिरि + इन्द्र

(C) गिरीं + द्र (D) गिरि + ईन्द्र

## <u>खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)</u>

***<u>विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 25 (पच्चीस) अंकों का होगा।</u>***

1. निम्नलिखित में से किसी एक का भावार्थ लिखें – 5

(i). जब गरजे मेघ, पपीहा बोले,
बोले डोले गुलनारों में
लेकिन काँटों की झाड़ी में बुलबुल का
गान कहीं सुन्दर
तेरी मुस्कान कहीं सुन्दर।

(ii) भारत एक भाव जिसको पाकर मनुष्य जगता है,
भारत एक जलज जिसपर जल का दाग न लगता है।
भारत है संज्ञा विराग की,
उज्जवल आत्म उदय की,
भारत है आभा मनुष्य की,
सबसे बड़ी विजय की।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए – 5

(i) प्रेमचंद के जीवन और व्यक्तित्व का सामान्य परिचय प्रस्तुत करें।

(ii) 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' शीर्षक निबंध की समीक्षा करें।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर दीजिए – 1x5=5

(i) रहीम लिखित 'दोहावली' में कितने दोहों का संग्रह है ?

(ii) धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत अघाई।

उदधि बड़ाई कौन है, जगत पियासो जाई।। प्रस्तुत दोहा किस पाठ से उद्‌घृत है ?

(iii) 'सौ–सौ अंधियारी रातों से, तेरी मुस्कान कहीं सुन्दर' किस पाठ से उद्‌घृत है?

(iv) 'मंगर' शीर्षक शब्द–चित्र के लेखक का नाम लिखें

(v) ''अच्छे कामों की सिद्धि में देर लगती हैः पर बुरे कामों की सिद्धि में यह बात नहीं होती।'' किस पाठ से उद्‌धृत है?

(vi) ''स्वतंत्रता दिवस भी तो भरी बरसात में होता है'' – किस पाठ से उद्‌धृत है?

(vii) सुमित्रानंदन पंत किस महर्षि से प्रभावित हुए ?

(viii) 'गौरा' के दुग्ध–दोहन के समय कौन–कौन एक पंक्ति में बैठ जाते थे ?

4. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक अवतरण का संक्षेपण कीजिए – 5

(i) गाँवों में यदि कुटीर उद्योगों का विकास किया जाता तो व्यवसायोन्मुख शिक्षा की व्यवस्था होती, चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध करायी जातीं, तो गाँवों से नवयुवकों का पलायन रोका जा सकता। ग्रामीण उद्योगों की जो दुर्दशा स्वाधीनता के बाद हुई है, वैसी दुर्दशा तो अंग्रेजी राज्य में भी नहीं थी। काठ के कोल्हुओं से शुद्ध कच्ची घानी से तेल निकाला जाता था। तेलियों को रोजगार मिलता था तथा गाँव वालों को शुद्ध तेल। सभी को संतोष था। मिट्‌टी के बर्तन

बनाने वाले कुम्हार घर में काम आने वाले बर्तन बनाते थे। शादी–विवाह के दौरान जितनी मिट्‌टी के बर्तनों की जरूरत पड़ती, वे पूरी करते थे। काम के बदले उन्हें अनाज मिल जाता था।

(ii) कुछ लोग शिक्षा को रोजगार का साधन मान लेते हैं। ऐसे लोग ऐसा समझते हैं कि शिक्षा केवल इसलिए प्राप्त करना आवश्यक है जिससे हमें रूपये मिलने लगे। आजकल ऐसे विचार वाले लोगों की संख्या भारतवर्ष में अधिक है। ये लोग शिक्षा के वास्तविक आनन्द से वंचित रहते हैं। माना कि रूपया कमाना भी एक आवश्यक कार्य है और यह भी शिक्षा से ही संभव होता है। परन्तु शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य इसे बना लेना ठीक नहीं है। शिक्षा प्राप्त कर स्वयं आनन्दित होते हुए दूसरों की सुख–समृद्धि को बढ़ाना उचित है। इसी में मनुष्य जीवन की सार्थकता है। जिन लोगों ने विद्या को धन से बड़ा मान रखा है, वे ही पंडित हैं।

5. किसी एक पर निबंध लिखिए – 5

(i) दहेज–प्रथा
(ii) गणतंत्र दिवस
(iii) सह–शिक्षा
(iv) आपकी प्रिय पुस्तक
(v) बेरोजगारी की समस्या
(vi) पुस्तकालय

***अथवा***

निम्नलिखित में से किसी एक का पत्र–लेखन कीजिए –

(i) पुस्तक खरीदने हेतु रूपये की माँग करते हुए अपने पिता के पास एक पत्र लिखिए।

(ii) मासिक शुल्क माफ करने हेतु अनुरोध के साथ अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन–पत्र दीजिए।